राजस्थान सरकार
निदेशालय कालेज शिक्षा राजस्थान जयपुर

क्रमांक : एफ20(415)आयो/निकाशि/2013/895 दिनांक : 19-07-2013

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
सलूम्बर/बारां/नागौर/बालोतरा/
पाली/बून्दी/चिमनपुरा/किशनगढ़
राजकीय कन्या महाविद्यालय, दौसा

विषय :– सत्र 2013–14 से नये विषय प्रारम्भ करने हेतु ।
संदर्भ :– विभाग का समसंख्यक पत्र क्रमांक 15 दिनांक 16.7.2013

आपको विदित ही है कि संदर्भित पत्र द्वारा आपके महाविद्यालय में नवीन विषय प्रारम्भ किये गये हैं, जिनका अध्यापन इस सत्र 2013–14 से करवाया जाना है । इस हेतु आपको निम्नानुसार निर्देशित किया जाता है कि :–

स्नातक स्तर पर खोले गये नये विषय में प्रवेशित छात्रों में से ही विकल्प प्राप्त कर नया विषय आवंटित करें । विषय आवंटन का कार्य दिनांक 19 जुलाई, 2013 से प्रारम्भ कर 1 अगस्त,2013 तक पूर्ण कर लेवें एवं नये विषयानुसार अध्यापन कार्य 2 अगस्त, 2013 से प्रारम्भ करना सुनिश्चित करें । नये विषय में प्रवेशित छात्रों की संख्या अविलम्ब निदेशालय को प्रेषित करायें ।

नवीन विषय के व्याख्याता नहीं होने की स्थिति में चालू सत्र में गैस्ट फैकल्टी (सेवानिवृत्त प्राध्यापक) से अध्यापन करवाया जाना है । गैस्ट फैकल्टी को प्रति कालांश रू0 250/– (अधिकतम 60 कालांश व 15,000/– रू0) मानदेय देय होगा । आप तत्काल गैस्ट फैकल्टी की व्यवस्था सुनिश्चित करें तथा कुल कितने कालांश करवाये जाने हैं, का विवरण तैयार करें । तदनुसार पूरे सत्र में मानदेय भुगतान में कितनी राशि की आवश्यकता होगी, का आंकलन कर दिनांक 16–8–2013 तक निदेशालय को भिजवायें ताकि उसी अनुरूप राज्य सरकार से बजट की मांग की जा सके । राज्य सरकार की ओर से बजट आवंटन होने तक मानदेय का भुगतान छात्र निधि कोष से करवाने की व्यवस्था करें ।

राजकीय महाविद्यालय, सलूम्बर में विज्ञान संकाय (भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, गणित, वनस्पति शास्त्र व जीव विज्ञान) में प्रवेश देने हेतु विद्यार्थियों से दिनांक 19–7–2013 से 1–8–2013 तक आवेदन प्राप्त करें एवं पात्र विद्यार्थियों की सूची दिनांक 2–8–2013 को जारी कर दिनांक 9–8–2013 तक शुल्क प्राप्त करें तथा दिनांक 10–8–2013 से अध्यापन कार्य प्रारम्भ करना सुनिश्चित करें ।

इस हेतु स्थानीय समाचार–पत्रों तथा अन्य प्रचार प्रसार माध्यमों से विद्यार्थियों को खोले गये नये विषयों के बारे में जानकारी दिया जाना सुनिश्चित करें।

(नवीन जैन)
निदेशक

क्रमांक : एफ20(415)आयो/निकाशि/2013/895-897 दिनांक : 19-07-2013
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. संयुक्त निदेशक, अकादमी
2. डा0 धीरेन्द्र देवर्षि, वेब प्रभारी

(डा0 सी0एम0 खटीक)
संयुक्त निदेशक, आयोजना